नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 32/2021

Dt- 15-01-2021

प्रधान सचिव,

जल संसाधन विभाग,

बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के मधेपुर एवं लखनौर प्रखंड के विभिन्न चौरों के जल निष्कासन के संबंध में।**

महाशय,

मिथिला क्षेत्र का मधुबनी जिला बाढ़ प्रवन्न क्षेत्र हैं, जहाँ खरीफ फसलों की तबाही छोटी–बड़ी नदियों के बाढ़ से होती हैं, साथ ही पानी की निकासी नहीं होने से मधुबनी जिला में चौर की संख्या भी अधिक है। चौर में पानी रहने से हजारों एकड़ किसानों की जमीन में कोई फसल नहीं हो पाता है। झंझारपुर इलाका की सघन आबादी है तथा कृषि योग्य भूमि रहते हुए भी चौर में जल निष्कासन ना होने से किसानों की आमदनी में कमी एवं गरीबी में जीना पड़ता है। एक तरफ रबी की फसल के लिए पानी की कमी तो दूसरी तरफ सिर्फ चौर में पानी रहने के कारण कृषि–भूमि डूबा रहता है। सही एवं व्यवस्थित रूप से विभिन्न चौरों में जल निष्कासन का सर्वेक्षण एवं कार्य योजना कराने की आवश्यकता है। "आत्मनिर्भिर किसान" के बगैर "आत्मनिर्भर बिहार" की संकल्पना अधूरी रहेगी। झंझारपुर इलाके में हजारों हेक्टेयर भूमि आज चौर में परिणत हैं। विभिन्न चौरों के जल निस्सरण हेतु निरीक्षणोपरांत अवर प्रमंडल पदाधिकारी जल निस्सरण प्रमंडल संख्या–4, दरभंगा, दिनांक 16.02.2012 का निरीक्षण प्रतिवेदन संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न प्रतिवेदन के आलोक में समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे, ताकि झंझारपुर के किसानों को चौर के जल–जमाव से छुटकारा मिल सकें एवं उनकी आमदनी में व्यापक रूप से वृद्धि हो सकें।

नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 15·1·21

(संलग्नः– निरीक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com